अग्निकांड | लाखों का अनाज-बीज स्वाहा, भरी मशक्कत के बाद आग पर पाया गया काबू

# एमपी वेयर हाउसिंग के गोदाम में लगी भीषण आग





**नवभारत, शहडोल।** कोतवाली थाना क्षेत्र के नरसरहा स्थित मध्यप्रदेश वेयरहाउसिंग एंड लॉजिस्टिक्स कॉर्पोरेशन (एमपीडब्ल्यूएलसी) के गोदाम में गुरुवार तड़के भीषण आग लगने से पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। आग इतनी भयावह थी कि शहडोल फायर ब्रिगेड की 8 से अधिक दमकल गाड़ियां और निजी फायर टीम की घंटों मशक्कत के बावजूद देर सायं तक आग पर पूरी तरह काबू नहीं पाया जा सका था बोरों को हटाने पर रह-रह कर आग सुलग जा रही थी। आग की चपेट में आकर गोदाम में रखा बारदाना, धान और बीज जलकर खाक हो गया, जिससे लाखों रुपये के नुकसान की आशंका जताई जा रही है। बताया जा रहा है कि नरसरहा परिसर स्थित एमपीडब्ल्यूएलसी-1, 2 और 3 गोदाम इस आग से प्रभावित हुए हैं। इन गोदामों की कुल भंडारण क्षमता लगभग 2800 मैट्रिक टन बताई जाती है। आग की भयावहता को देखते हुए रिलायंस कंपनी की निजी फायर टीम को भी मौके पर बुलाया गया, जिसने दमकल कर्मियों के साथ मिलकर आग बुझाने का प्रयास किया। धुएं और लपटों के कारण आसपास के इलाके में दहशत का माहौल बना रहा।

घटना की सूचना मिलते ही कलेक्टर डॉ. केदार सिंह, एसडीएम सहित अन्य वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और राहत-बचाव कार्यों का जायजा लिया। हालांकि अधिकारी फिलहाल नुकसान के आंकलन और आग के कारणों पर कुछ भी कहने से बचते नजर आए। आग लगने के कारणों का अब तक खुलासा नहीं हो सका है और इसे अज्ञात कारणों से लगी आग बताया जा रहा है।प्रशासन की निगरानी में आग पर नियंत्रण के प्रयास देर तक जारी रहे। घटना ने एक बार फिर सरकारी गोदामों की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।



## शिक्षा, संस्कार और संस्कृति का संगम है विद्यालय

**नवभारत, अमलाई।** विद्या भारती सरस्वती शिक्षा परिषद महाकौशल प्रांत के संगठन मंत्री अमित दवे का शिक्षा संस्कार और संस्कृति विषय पर लगातार मार्गदर्शन प्राप्त हो रहा है । इसी संदर्भ मेंगत दिवस अपनी संस्था में सरस्वती शिक्षा परिषद शहडोल विभाग के विभाग समन्वयक श्रीमान राम शिरोमणि जी शर्मा ,जिला सचिव शहडोल जिला रवि कुमार का प्रवास हुआ ।समस्त आचार्य परिवार की सामूहिक बैठक लेकर प्रेरणादाई मार्गदर्शन व निर्देशन प्रदान किया गया ।सर्वप्रथम संस्था के प्राचार्य मृगेंद्र कुमार श्रीवास्तव द्वारा अतिथि महानुभावों का परिचय कराते हुए स्वागत किया गया ।तत्पश्चात विभाग समन्वयक का एवं जिला सचिव का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ ।

अपने उद्बोधन में जिला सचिव ने आचार्य परिवार का कुशल क्षेम प्राप्त करते हुए सघन संपर्क, नवीन प्रवेश,परीक्षा परिणाम, खिचड़ी संग्रह, समर्पण के संबंध में प्रेरणास्पद विचार व्यक्त किया। आग्रह किया कि हम सब भैया बहनों के समस्याओं का समाधान करें तथा विद्यालय में शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम लाने का लक्ष्य निश्चित करें ।विभाग समन्वयक श्री शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि छात्र संख्या में वृद्धि हो ।सभी का सकारात्मक विचार व सोच होना चाहिए। अभिभावकों का भी सहयोग प्राप्त कर भैया बहनों की जोरदार तैयारी कराना है ।कमजोर स्तर के भैया बहनों को विशेष रूप से लक्ष्य में लेना है । मातृ संगठन के शताब्दी वर्ष पर हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर अपने कर्तव्य का निर्वहन करें ।हमारी जिम्मेदारी न केवल छात्रों का शैक्षिक उन्नयन बल्कि समाज प्रबोधन एवं समाज में वांछित परिवर्तन करने की भी है ।संस्था के वरिष्ठ आचार्य राम नारायण तिवारी के द्वारा कल्याण मंत्र करते हुए बैठक संपन्न हुई ।

## कुष्ठ रोग साध्य है, समय पर कराए उपचार : सीएमएचओ

▸ 30 जनवरी से 13 फरवरी तक चलाया जाएगा कुष्ठ जागरूकता अभियान



**नवभारत, शहडोल ।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश मिश्रा ने जानकारी दी है कि मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन के अंतर्गत 30 जनवरी से 13 फरवरी 2026 तक स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान चलाया जायेगा। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत जिले कि समस्त ग्राम पंचायतो में ग्राम सभा का आयोजन कर अपील एवं संकल्प वाचन किया जायेगा तथा कुष्ठ रोग के संबंध में जानकारी जनमानस को साझा की जायेगी।

उन्होने बताया कि 30 जनवरी से 13 फरवरी के मध्य आशा कार्यकर्ता, ऑगनबाडी कार्यकर्ता एवं मैदानी कार्यकर्ताओ के द्वारा घर-घर भेंट कर कुष्ठ रोग की जानकारी दी जायेगी। इस अभियान का मुख्य उददेश्य जिले में अधिक से अधिक कुष्ठ के रोगियों को खोज कर उन्हें शासन द्वारा निर्धारित दवायें प्रदाय करना है तथा शिविर लगाकर उनका उपचार करना। उन्होंने कहा कि कुष्ठ रोग साध्य है, इसे छुपाये नहीं समय पर इसका उपचार कराना आवश्यक है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश मिश्रा ने सभी जनप्रतिनिधियों, स्वयंसेवा संस्थाओं प्रबुद्ध नागरिकों से अपील की है कि सामाजिक उत्थान तथा राष्ट्र उत्थान के अभियान में अपनी सहभागिता निभाकर सफल बनायें।

## नशा मुक्ति के प्रति जागरूकता कार्यक्रम आज

**शहडोल ।** शासन के निर्देशानुसार महात्मा गांधी की पुण्यतिथि 30 जनवरी के अवसर पर मद्य निषेध संकल्प दिवस का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवाओं तथा समाज के सभी वर्गों में बढ़ती हुई मद्यपान तथा मादक पदार्थों के सेवन की प्रवृत्ति की रोकथाम करना और इनसे होने वाले दुष्परिणामों के प्रति युवाओं और समाज को जागरूक करना है। इस अवसर पर स्कूल, कॉलेज, जिला पंचायत, जनपद पंचायत, ग्राम पंचायत, स्थानीय निकाय एवं स्वैच्छिक संस्थाओं में सेमिनार, वर्कशॉप, रैली, प्रदर्शनी, वाद-विवाद, निबंध लेखन, मानव श्रृंखला, पोस्टर प्रतियोगिता, नाटक, गीत, नृत्य आदि सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं सभाएं आयोजित की जाएंगी और नशा मुक्ति के लिए जागरूक किया जाएगा। मद्य निषेध संकल्प दिवस पर मादक पदार्थों तथा मदिरा पान त्यागने के लिए युवाओं एवं आमजनों को संकल्प दिलाया जाएगा और उनसे संकल्प पत्र भी भरवाया जाएगा, ताकि प्रदेश तथा जिले में नशा मुक्ति का वातावरण निर्मित किया जा सके।

# नए मतदाताओं को जागरूक करने निकली रैली

▸ मेरा भारत, मेरा वोट थीम पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन



**नवभारत, शहडोल।** लोकतंत्र की मजबूती एवं नागरिक कर्तव्यों के प्रति युवाओं को जागरूक करने के उद्देश्य से मेरा युवा भारत शहडोल के तत्वावधान में माय भारतदृमाय वोट थीम पर एक व्यापक मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत जागरूकता रैली, मानव श्रृंखला निर्माण तथा विविध जागरूकता गतिविधियाँ आयोजित की गईं, जिनका मुख्य उद्देश्य आमजन, विशेषकर युवाओं को मतदान के अधिकार, उसकी महत्ता एवं लोकतांत्रिक सहभागिता के प्रति प्रेरित करना रहा।कार्यक्रम में शासकीय महाविद्यालय ब्यौहारी के प्राचार्य डॉ आर के तिवारी, प्राध्यापक डॉ संजय गुप्ता, समाज सेवी दीपक लाल गुप्ता तथा नगर परिषद ब्यौहारी के पार्षद सत्येन्द्र कुशवाहा विशेष रूप से उपस्थित रहे।मेरा युवा भारत शहडोल की जिला युवा अधिकारी श्रीमती कीर्तिका कुहर और लेखा एवं कार्यक्रम सहायक मनीष चौहान के मार्गदर्शन में आयोजित इसकार्यक्रम में मेरा युवा भारत से जुड़े युवा स्वयं सेवकों का समुह युवा मंडल, विंध्य नाट्य युवा मंडली ब्यौहारी तथा स्थानीय नागरिकों, विद्यार्थियों तथा सामाजिक कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम की शुरुआत में उपस्थित युवाओं को मतदान के महत्व पर संबोधित करते हुए बताया गया कि मतदान केवल एक अधिकार नहीं, बल्कि लोकतंत्र को सशक्त बनाने का सबसे प्रभावी माध्यम है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में प्रत्येक मत का विशेष महत्व होता है और युवाओं की भागीदारी से ही राष्ट्र का भविष्य सुदृढ़ बनता है।

मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत नगर क्षेत्र में एक भव्य जागरूकता रैली निकाली गई। रैली में शामिल युवाओं ने हाथों में तख्तियाँ, बैनर एवं पोस्टर लेकर माय भारतदृमाय वोट, पहले मतदान, फिर जलपान, मेरा वोट, मेरा अधिकार, लोकतंत्र की शान, मतदान जैसे प्रेरक नारों के माध्यम से आमजन को मतदान के लिए जागरूक किया।रैली नगर के प्रमुख मार्गों से होकर गुज़री, जहाँ राहगीरों एवं दुकानदारों ने भी रैली का स्वागत किया और युवाओं की इस पहल की सराहना की। रैली के दौरान स्वयंसेवकों ने नागरिकों से आगामी चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करने की अपील की।

### बनाई मानव श्रृंखला

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण मानव श्रृंखला निर्माण रहा। बड़ी संख्या में युवाओं एवं नागरिकों ने मिलकर एक सुव्यवस्थित मानव श्रृंखला बनाकर लोकतंत्र की एकता एवं नागरिक सहभागिता का संदेश दिया। मानव श्रृंखला के माध्यम से वोट शब्द का निर्माण कर यह स्पष्ट किया गया कि मतदान लोकतंत्र की नींव है।इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह ने यह संकल्प लिया कि वे स्वयं भी मतदान करेंगे तथा अपने परिवार, मित्रों और आस-पास के लोगों को भी मतदान के लिए प्रेरित करेंगे।कार्यक्रम के दौरान युवाओं को मतदान प्रक्रिया, मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने, निष्पक्ष एवं निर्भीक मतदान के महत्व तथा चुनावी आचार संहिता की सामान्य जानकारी दी गई।वक्ताओं ने बताया कि लोकतंत्र तभी सशक्त होता है जब अधिक से अधिक नागरिक मतदान प्रक्रिया में भाग लेते हैं। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे किसी भी प्रकार के प्रलोभन या दबाव में आए बिना अपने विवेक से मतदान करें।

### युवाओं की सक्रिय भूमिका

कार्यक्रम के समापन अवसर पर यह संदेश दिया गया कि मतदान केवल एक दिन का कार्य नहीं, बल्कि यह एक जिम्मेदारी और निरंतर जागरूकता की प्रक्रिया है। सभी प्रतिभागियों ने यह संकल्प लिया कि वे लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए सदैव जागरूक रहेंगे और निष्पक्ष, स्वतंत्र तथा शांतिपूर्ण चुनाव प्रक्रिया में सहयोग करेंगे। कार्यक्रम में विंध्य नाट्य संस्था ब्यौहारी के अध्यक्ष प्रशांत माली व उनके सहयोगी ओम तिवारी, जयदीप सोनी, शिवम साकेत, रवि कुशवाहा, मोहित माली और अनिल कोल का विशेष सहयोग रहा।

# आनंद उत्सव के तहत आयोजित की गई खेल गतिविधियां



**नवभारत, शहडोल ।** जनपद पंचायत जयसिंहनगर अंतर्गत स्व. अटल बिहारी बाजपेयी महाविद्यालय परिसर में आनंद उत्सव के तहत कुर्सी दौड़, रस्सा कस्सी कबड्डी एवं क्रिकेट खेलकूद जैसी अन्य खेल गतिविधियाँ आयोजित की गई। आनंद उत्सव का शुभारंभ अध्यक्ष जनपद पंचायत मालती सिंह, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व काजोल सिंह ने माँ सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया। आनंद उत्सव के तहत आयोजित खेल गतिविधियो में जनप्रतिनिधियो, अधिकारियो एवं अन्य लोगो ने बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाई। इस अवसर पर आनंद उत्सव के प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत शिवानी जैन, अध्यक्ष नगरपालिका सुशीला शुक्ला, तहसीलदार सुषमा धुर्वे, एपीओ अनुराग निमग सहित अन्य जनप्रनिधि, अधिकारी व बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहें। गौरतलब है कि आनंद उत्सव का उद्देश्य गांव से शहर तक के लोगों को आनंद से जोड़ने की पहल है, इसमें महिलाओं बुजुर्गों युवाओं और बच्चों की भागीदारी सुनिश्चित की गई है इस उत्सव में बढ़कर नागरिक सहभागिता निभाएं। आनंद उत्सव सकारात्मक सोच और मानसिक सुकून को बढ़ावा देता है।

## आज शहीदों की स्मृति में रहेगा दो मिनट का मौन

**शहडोल ।** मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार भारत के स्वतंत्रता संग्राम के अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के उद्देश्य से शहीद दिवस 30 जनवरी 2026 को प्रातः 11 बजे जिले भर में दो मिनट का मौन रखा जाएगा। इस दौरान अपेक्षा की गई है कि काम और आवागमन बंद रखा जाए। जहां संभव हो वहां 10:59 बजे से 11 बजे तक सायरन बजाकर सूचना दी जाए। 02 मिनट के मौन के पश्चात 11:02 से पुनः ऑल क्लियर सायरन बजाकर मौन समाप्त करने की सूचना दी जाए। आमजन से भी अपेक्षा की गई है कि शहीद दिवस की गंभीरता को ध्यान रखते हुए 02 मिनट का मौन रखें।

## केसरवानी वैश्य तरुण सभा के प्रदेश महामंत्री बने योगेश



**नवभारत, शहडोल।** केसरवानी वैश्य तरुण सभा मध्यप्रदेश के घोषित कार्यकारणी में शहडोल नगर के प्रतिष्ठित युवा नागरिक योगेश गुप्ता को प्रदेश महामंत्री नियुक्त किया गया है ।केसरवानी महासभा के प्रदेश अध्यक्ष रामकिंकर गुप्ता के सहमति एवं राजकमल केसरवानी, अनिल गुप्ता, जे.पी.गुप्ता, मनोज गुप्ता के अनुशंसा पर घोषित केसरवानी वैश्य तरुण सभा के प्रदेश अध्यक्ष विकाश केसरवानी द्वारा घोषित प्रदेश कार्यकारणी में संरक्षक, मार्गदर्शक मण्डल के अलावा तीस पदाधिकारी एवं सोलह कार्यसमिति सदस्य बनाए गए हैं ।केसरवानी वैश्य तरुण सभा के घोषित कार्यकारणी में योगेश गुप्ता को प्रदेश महामंत्री नियुक्त किए जाने पर इष्ट मित्रो एवं शुभचितको ने बधाई दी है।



## गणतंत्र दिवस पर विभिन्न संस्थानों में किया गया ध्वजारोहण

**नवभारत, जयसिंहनगर ।** संवैधानिक गणतंत्र दिवस के 77 वे वर्षगांठ पर जयसिंहनगर के सभी संस्थान में ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमें नगर परिषद जयसिंहनगर में धजारोहण नगर परिषद के अध्यक्ष सुशीला चक्रधारी शुक्ला ध्वजारोहण करके तिरंगे को सलामी दिये, इसी प्रकार से जनपद पंचायत जयसिंहनगर में ध्वजारोहण जनपद पंचायत अध्यक्ष मालती सिंह ने ध्वजारोहणकर कर तिरंगे को सलामी दी तथा पंडित अटल बिहारी वाजपेई महाविद्यालय जयसिंहनगर में प्राचार्य धर्मेंद्र द्विवेदी द्वारा ध्वजारोहण किया गया ।अमझोर वन परिक्षेत्र कार्यालय मे ध्वजारोहण कार्यक्रम संपन्न हुआ जिसमें वन परिक्षेत्र अधिकारी श्री तरुणेन्द्र सिंह ठाकुर ने ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दिए । इसी प्रकार से जयसिंहनगर वन परिक्षेत्र में दिनेश पटेल वन पर क्षेत्र अधिकारी जयसिंहनगर ने ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दिए सभी विद्यालयों में ध्वजारोहण कार्यक्रम रंगारंग कार्यक्रमके साथ संपन्न हुआ। कांग्रेस पार्टी द्वारा ध्वजारोहण कार्यक्रम संपन्न किया गया जिसमें ब्लॉककाग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश मिश्रा तथा कांग्रेस सेवा दल के प्रदेश सचिव सूरजपयासी ने ब्लॉकअधक्ष से ध्वजारोहण कार्यक्रम संपन्न कराये कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेस जनों कि उपस्थित रही।

बैठक | कमिश्नर ने बैठक लेकर विभिन्न विभागों की योजनाओं की समीक्षा की

# जिले को कुपोषण मुक्त करने अधिकारी करें समन्वित प्रयास : सुरभि गुप्ता



**नवभारत, शहडोल ।** कमिश्नर शहडोल संभाग सुरभि गुप्ता ने कलेक्टर कार्यालय शहडोल के विराट सभागार में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित विभागीय योजनाओ के प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियो को निर्देश दिए कि जिले को कुपोषण मुक्त बनाने के लिए समन्वित प्रयास करें। उन्होंने निर्देश दिए कि जिले में संचालित सभी एनआरसी में उपलब्ध बेड में कुपोषित बच्चो को भर्ती कराना सुनिश्चित करें। हाई रिस्क गर्भवती माताओं का चिंहाकन कर प्रसवकाल में होने वाली 4 जांचें सुनिश्चित कराई जाएं। जांच के दौरान हाई रिस्क, एनेमिक तथा हाईपरटेंशन वाली माताओं का चिन्हांकन कर प्रसवकाल के 50 दिन पूर्व से गहन मानीटरिंग कर अस्पताल में भर्ती कराएं। उन्होंने निर्देश दिए कि हाई रिस्क गर्भवती माताओं से संबंधित क्षेत्र के सीएचओ नियमित रूप से उनके स्वास्थ्य संबंधी फीडबैक लें तथा आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं आशा कार्यकर्ता फॉलोअप करते हुए उनके संपर्क में रहें। उन्होंने कहा कि ऑगनवाड़ी में बच्चो की उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए बच्चो के अभिभावको से घर-घर जाकर संपर्क करे और ऑगनवाड़ी केंद्रो में बच्चो की उपस्थिति बढाए। कमिश्नर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देश दिए कि शहडोल जिले में सिकल सेल एनीमिया की स्क्रीनिंग की संख्या बढाई जाए एवं सिकल सेल एनीमिया से पीड़ित व्यक्तियो का फालोअप करते हुए उनका समुचित उपचार कराएं।

### संकल्प से समाधान का हो प्रभावी क्रियान्वयन

कमिश्नर ने 12 जनवरी से 31 मार्च 2026 तक जिले में चलाए जा रहे संकल्प से समाधान अभियान की प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि अभियान का संचालन प्रभावी तरीके से किया जाए। गठित दल घर-घर संपर्क कर विभिन्न योजनाओं के पात्र हितग्राहियों एवं जन समस्याओं के आवेदन प्राप्त कर पोर्टल में फीड करें। जिन आवेदनों का निराकरण ग्राम पंचायत स्तर पर संभव है उनका निराकरण भी करें। लोगो को केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओ की जानकारी देते हुए उन्हें योजनाओ का लाभ लेने के लिए प्रेरित करें जिससे प्रत्येक पात्र हितग्राहियो को शासन द्वरा संचालित योजनाओ का लाभ मिल सकें। उन्होंने कहा कि संकल्प से समाधान अभियान के तहत आयोजित किये जा रहे शिविरो में समग्र-ईकेवाईसी, फार्मर रजिस्ट्री जैसे अन्य कार्यों को भी जोड़े।

### योजनाओं के क्रियान्वयन में प्रगति लाने के निर्देश

समग्र ई-केवाईसी की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी लोगो के समग्र आईडी बनाए तथा नये लोगो की समग्र आईडी बनाने में किसी भी प्रकार की समस्या न हो यह भी सुनिश्चित किया जाए। कमिश्नर ने नगरीय निकायो में पीएम आवास योजना के तहत निर्माणाधीन आवासो की समीक्षा कर, निर्माणाधीन आवासो को हितग्राहियो से संपर्क कर जल्द से जल्द पूर्ण कराने के निर्देश भी अधिकारियो को दिए।

बैठक में कमिश्नर ने धान के उपार्जन, भण्डारण, परिवहन, खरीदी, जिले में संचालित गौशालाओ, एसएनसीयू में भर्ती बच्चो की स्थिति, अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत राहत राशि का वितरण, छात्रवृत्ति, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम स्व निधि योजना, पीएम उज्जवला योजना, दिव्यांग शिविरो, एमपीआरडीसी के कार्य, जल जीवन मिशन के कार्यो सहित अन्य विभागो द्वारा किये जा रहे कार्यो की समीक्षा कर प्रगति लाने के निर्देश दिए विभागीय अधिकारियो को दिए। कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने बताया कि लोक सेवा गारण्टी अधिनियम के तहत समय सीमा से बाहर होने वाली सेवाओं की नियमित मानीटरिंग की जा रही है। आपने बताया कि जिले में वर्तमान में 18 गौशालाएं संचालित हैं। शीघ्र ही 09 गौशालाओं को संचालित कर दिया जाएगा। जिले में चिन्हित कुपोषित बच्चों को सामान्य श्रेणी में लाने हेतु संबंधित क्षेत्र की आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सुपरवाईजर को बच्चों की नियमित मानीटरिंग करनें तथा उन्हें अभिभावकों के माध्यम से दवाईयां एवं पोषण आहार उनकी डाईट में शामिल कराने के निर्देश दिए गए हैं। जिले में प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के विभिन्न घटकों में जो आवास पूरे नहीं हुए हैं। उनकी नियमित रूप से मानीटरिंग करने के निर्देश संबंधित मुख्य नगरपालिका अधिकारियों को दिए गए हैं। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री शिवम प्रजापति ने ग्रामीण विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं प्रधानमंत्री आवास योजना, जल गंगा संवर्धन अभियान, एक बगिया मां के नाम तथा प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत बनाए जा रहे आवास, आगंनवाड़ी, वन धन केन्द्र, पहुंच मार्ग, मोबाईल टॉवर, मोबाईल चिकित्सा यूनिट तथा बैगा बस्तियों में घर-घर बिजली कनेक्शन के प्रगति की जानकारी दी। बैठक में अपर कलेक्टर सरोधन सिंह, डिप्टी कलेक्टर अर्चना मिश्रा, सहित विभिन्न विभागों के जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहें।